हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

14 फ़रवरी 2025, समय 1810

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए चंडीगढ़ में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया।

- श्री बिरला ने विधायकों को विधानसभा में सार्थक चर्चा संसदीय नियमों के ज्ञान और व्यापक अध्ययन का मूलमंत्र दिया।

- किसान संगठनों की केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के नेतृत्व वाले केंद्रीय दाल के साथ चंडीगढ़ में बैठक शुरू। बैठक में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी शामिल।

- आज के दिन पुलवामा हमले में शहीदों को यद् किया गया।

- उत्तराखण्ड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल आज सम्पन्न हुए। हरियाणा ने 48 स्वर्ण सहित 153 पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया।

**********************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए आज संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से चंडीगढ़ में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। इस दौरान हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्‌ढा , मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और कांग्रेस विद्‌यायक भारत भूषण बत्रा मौजूद रहे।इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष को गार्ड ऑफ़ ऑनर से स्वागत किया गया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि विधायिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है ।

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्‌ढा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

*************************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज हरियाणा विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय नियमों के ज्ञान और व्यापक अध्ययन पर बल दिया।

श्री बिरला ने कहा कि विधायी सदस्यों को कानून का प्रारूप तैयार करने की गहन जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा :-

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनता की अपने विधायक में आस्था होती है और उनसे अपेक्षाएं भी होती हैं। श्री बिरला ने कहा कि विधायकों पर जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का दायित्व होता है।

श्री ओम बिरला ने कहा कि राज्य की विधानसभाओं में नीति निर्माण और योजनाओं को लेकर व्यापक समीक्षा होनी चाहिए। इसके लिए राज्यों के मुद्दों का अध्ययन भी ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र और राज्य के मुद्दों को जितने प्रभावी ढंग से सदन में उठाया जाता है उतना ही सकारात्मक परिवर्तन आता है।

श्री बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की जितनी अधिक भागीदारी होगी, उतनी ही शासन प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और कार्यपालिका पर नियंत्रण होगा। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ विधायक वही है जो विधानसभा में सार्थक चर्चा करे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक जीवन में जो भी चुनौतियां और कठिनाइयां आएंगी उनका समाधान इन्हीं विधान मंडलों से निकलेगा, इसलिए सभी सदस्यों को इस दिशा में सोचना होगा कि विधानमंडलों का जनता के कल्याण के लिए कैसे उपयोग हो।

श्री बिरला ने हरियाणा की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति का ज़िक्र करते हुए कहा कि हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह को दोनों लोकतांत्रिक संस्थाओं लोकसभा और विधानसभा का लंबा अनुभव है और वे अपने अनुभव से हरियाणा विधानसभा को संसद की मर्यादा के अनुरूप चलाने में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

*************************************************************************

*************************************************************************

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के नेतृत्व में केन्द्रीय दल के साथ आज चंडीगढ़ में बैठक हो रही है। बैठक

में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंधेर सहित 28 किसान भाग ले रहे हैं।बैठक में मुख्य सचिव के पी एस सिन्हा व कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियाँ, कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारुचक भी बैठक में शामिल हैं

************************************************************************

देश में आज 2019 में पुलवामा हमले में जान गंवाने वाले सैनिकों को याद किया गया। छह वर्ष पहले आज ही के दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आतंकी हमले में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 40 जवान शहीद हो गए थे।

************************************************************************

कुरुक्षेत्र में जन सहयोग संस्था द्वारा आज पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि उपायुक्त नेहा सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौसला बढ़ाया।

************************************************************************

भिवानी के नेहरू पार्क में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुलवामा हमले के शहीदों को नमन किया और सभी शहीदों के नाम से दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस दौरान समाज प्रवर्तक महानायक संतराम को उनकी जयंती पर याद किया गया। पंजाब के होशियारपुर ज़िले में जन्मे संतराम स्वामी दयानंद सरस्वती और श्रद्धानंद के विचारों से काफ़ी प्रभावित थे।

************************************************************************

उत्ताराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों का आज समापन हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। पदक तालिका में तीनों सेनाओं की संयुक्त टीम 68 स्वर्ण सहित कुल121 पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर रही। महाराष्ट्र 54 स्वर्ण सहित 201 पदक लेकर दूसरेऔर हरियाणा 48 स्वर्ण सहित 153 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा।